नवोदय टाइम्स
नई दिल्ली
NAVODAYA TIMES, New Delhi
ABC से प्रमाणित 1,46,264 प्रतियां प्रतिदिन (औसतः जुलाई-दिसम्बर 2018)

मंदी की गिरफ्त में आ गई है दुनिया, 2009 से बुरे हालात 10

कोरोना से निपटने में आयुष डॉक्टरों का सहयोग ले सरकार : नरेन्द्र मोदी 12

रविवार, 29 मार्च, 2020 • तदनुसार 16 चैत्र, विक्रमी सम्वत 2076 | www.navodayatimes.in | facebook.com/navodayatimes | twitter.com/navodayatimes | तापमान अधिकतम 30° न्यूनतम 16° सूर्योदय 06.15 सूर्यास्त 06.38 | वर्ष 7, अंक 234 | पृष्ठ 12+2

दिन भर बांटे खाने के पैकेट

नोएडा, 28 मार्च (नवोदय टाइम्स): भूखे पेट सैकड़ों किमी दूर घर जाने के लिए परिवार के साथ पलायन करने के लिए घरो से निकले लोगों की मदद के लिए शनिवार को नवोदय टाइम्स नोएडा ब्यूरो के सहकर्मियों ने भी अपना कदम बढ़ाया। पंजाब केसरी ग्रुप की पंरपरा रही है कि देश में जब भी विपदा आई उसने हमेशा मदद के लिए अपने हाथ आगे हाथ बढ़ाया है। इसी पंरपरा को कायम रखते हुए ग्रुप के अखबार नवोदय टाइम्स के नोएडा ब्यूरो के सहकर्मियों ने जहां सर्फाबाद गांव के पास खिचड़ी का वितरण कराया वहीं एक्सप्रेस वे पर पैदल जा रहे लोगों को पानी, नमकीन, खाना के पैकेट, मास्क बांटा। वहीं शहर के कई अन्य लोगों ने भी अपने अपने घरों में तैयार किए गए भोजन के पैकेट गाड़ियों में रख कर झुग्गी व पलायन कर रहे लोगों के बीच पहुंच कर उसे वितरित किया। शहर के कई समाजसेवी संगठन व राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने भी दिहाड़ी मजदूरी करने वाले किराए पर रहने वाले लोगों को भोजन वितरित किया। सपा नेता रवि यादव ने भी गांव के किराएदारों के बीच पहुंच कर उनका हालचाल लिया और उन्हें भोजन सामग्री बांटी।



वहीं दूसरी ओर गौड़ ग्रुप ने अपने सभी प्रोजेक्ट के लगभग तीन हजार मजदूरों के लिए उनके पोषण का ध्यान रखते हुए राशन की जरूरतों को पूरा कर रहा है। इनमें गौड़ यमुना सिटी, गौड़ सिद्धार्थम, गौड़ सिटी सेंटर, गौड़ सिटी 7 एवेन्यु, गौड़ सिटी 14 एवेन्यु शामिल है। एक तरफ जहां लाखों मजदूर इस महामारी के कारण उपयुक्त भोजन ना मिलने से बेबस होकर अपने घर के तरफ पैदल ही जा रहे हैं वहीं गौड़ ग्रुप ने अपने प्रोजेक्ट के सभी लेबरों के साथ खड़े होकर उनका ध्यान रख रहा है जिसमें महीने भर का राशन और जरुरत की सभी चीजों का इंतजाम किया है। इसके अलावा ग्रुप उन मजदूरों को इस महामारी के बारे में जागरूक कर रहा है। ताकि वो इस बीमारी से बचे रहें।

गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ ने कहा इस लॉक डाउन में जरुरतमंदों के साथ सदैव खड़े हैं।